यह निरीक्षण प्रतिवेदन **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थय एवं परिवार कल्याण, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल** द्वारा उपलब्ध करायी गयी सूचना के आधार पर तैयार किया है। कार्यालयाध्यक्ष द्वारा उपलब्ध करायी गयी किसी त्रुटिपूर्ण अथवा अधूरी सूचना के लिए कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

कार्यालय **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थय एवं परिवार कल्याण, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल** के माह 04/2017 से 04/2018 तक के लेखा अभिलेखों पर निरीक्षण प्रतिवेदन जो श्री खुशीराम नौटियाल, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी एवं श्री रविशंकर, सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी द्वारा दिनांक 05.05.2018 से 09.05.2018 तक श्री दानिश इकबाल वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण में सम्पादित किया गया।

**भाग-I**

1. **परिचयात्मकः** इस इकाई की विगत लेखापरीक्षा श्री संजय कुमार एवं पवन कुमार सहायक लेखापरीक्षा अधिकारियों तथा श्री प्रमोद चौधरी वरिष्ठ लेखा परीक्षक द्वारा 29.04.2017 से 03.05.2017 तक श्री राकेश कुमार वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी के पर्यवेक्षण मे संपादित किया गया था। जिसमें माह 01/2016 से 03/2017 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी थी। वर्तमान लेखापरीक्षा में माह 04/2017 से 04/2018 तक के लेखा अभिलेखों की जांच की गयी।
2. (i) इकाई के क्रियाकलाप एवं भौगोलिक अधिकार क्षेत्रः

(अ) **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थय एवं परिवार कल्याण, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल** का मुख्य कार्यकलाप कुमाऊँ मण्डल के छः जनपद के अंतर्गत स्थापित सभी चिकित्सा इकाईयों अपने दायित्वों का निर्वहन सुचारु रूप से संपन्न कर रही है अथवा नहीं इसके लिए समय समय पर क्षेत्रीय निरीक्षण संपन्न किए जाते जाते है।

(ब) **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थय एवं परिवार कल्याण, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल** एवं इकाई द्वारा संचालित योजनाओं का भौगोलिक क्षेत्र समस्त कुमाऊँ मण्डल के छः जनपद है।

(अ) विगत तीन वर्षो में बजट आबंटन एवं व्यय की स्थिति निम्नवत हैः

**(₹ लाख में)**

| वर्ष | प्रारम्भिक अवशेष | | स्थापना | | गैर स्थापना | | आधिक्य (+) | बचत (-) (समर्पण) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | स्थापना | गैर स्थापना | आवंटन | व्यय | आवंटन | व्यय | | |
| 2015-16 | 00 | 00 | 1726000 | 1612919 | 10801943 | 9537276 | 00 | 1377748 |
| 2016-17 | 00 | 00 | 2276000 | 1828431 | 13842431 | 12670585 | 00 | 1619415 |
| 2017-18 (Up to Jan. 2017 | 00 | 00 | 16694304 | 16032555 | 500000 | 499390 | 00 | 662359 |

(ब) केन्द्र पुरोनिधानित योजनाओं के अन्तर्गत प्राप्त निधि एवं व्यय विवरण निम्नवत हैः

| **वर्ष** | **योजना का नाम** | **प्रारम्भिक अवशेष** | **प्राप्त** | **व्यय** | **अधिक्य (+)** | **बचत (-)** |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 2015-16 | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |
| 2016-17 | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |
| 2017-18 | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL | NIL |

(ii) इकाई को बजट प्राप्ति के मुख्य स्त्रोत राज्य सरकार से प्राप्त होते है। विभाग का संगठनात्मक ढांचा निम्नवत हैः-

1. प्रमुख सचिव 2. सचिव 3. महा निदेशक 4 निदेशक 5 अपर निदेशक/ मुख्य चिकित्सा अधिकारी 6. मुख्य चिकित्सा अधीक्षक 7 चिकित्साधिक्षक 8. वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी 9. चिकित्साधिकारी 10. मिनिस्टीरियल संवर्ग
2. **लेखापरीक्षा का कार्यक्षेत्र एवं लेखापरीक्षा विधिः** लेखापरीक्षा में **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थय एवं परिवार कल्याण, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल** को आच्छादित किया गया। समस्त स्वाधीन आहरण एवं वितरण अधिकारियों के निरीक्षण प्रतिवेदन पृथक-पृथक जारी किये जा रहे है। यह निरीक्षण प्रतिवेदन निदेशक, चिकित्सा स्वास्थय एवं परिवार कल्याण, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल की लेखापरीक्षा में पाये गये निष्कर्षों पर आधारित है। माह 08/2017 को विस्तृत जांच हेतु चयनित किया गया। प्रतिचयन अधिकतम व्यय धनराशि के आधार पर किया गया।
3. लेखापरीक्षा भारत के संविधान के अनुच्छेद 149 के अधीन बनाये गये नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के (कर्तव्य, शक्तियां तथा सेवा की शर्ते) अधिनियम, 1971 (डी पी सी एक्ट, 1971) की धारा 13, लेखा तथा लेखापरीक्षा विनियम, 2007 तथा लेखापरीक्षण मानकों के अनुसार सम्पादित की गयी।

**भाग-दो (ब)**

**प्रस्तर 1- चिकित्सा स्वास्थ्य विभाग मे कर्मचारियो/अधिकारियों/चिकित्सको एवं पैरामेडिकल स्टाफ कि कमी होना।**

निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल कार्यालय का मूल कार्य मण्डल के अन्तर्गत संचालित विभागीय योजनाओं का अनुश्रवण एवं मूल्यांकन करना है, स्टाफ की तैनाती संबंधी लेखाभिलेखों की नमूना जांच मे यह तथ्य प्रकाश मे आया कि निदेशक, कुमाऊँ मण्डल कार्यालय मे कुल स्वीकृत पद 28 थे जिसके सापेक्ष 16 पदो पर तैनाती थी तथा 12 पद रिक्त थे। स्वीकृत पदो के सापेक्ष जो पद रिक्त थे का विवरण निम्नवत् हैः-

| **क्रं सं** | **पद नाम** | **स्वीकृत पद** | **नियुक्त पद** | **रिक्त पद** |
|---|---|---|---|---|
| 1 | सहायक निदेशक मलेरिया | 01 | 00 | 01 |
| 2 | नेत्र शल्यक | 02 | 01 | 01 |
| 3 | कीट वैज्ञानिक | 01 | 00 | 01 |
| 4 | उपचारिका | 01 | 00 | 01 |
| 5 | ओ॰ टी॰ टेकनीशियन | 01 | 00 | 01 |
| 6 | वाहन चालक | 02 | 01 | 01 |
| 7 | कीट संग्रह कर्ता | 02 | 00 | 02 |
| 8 | अनुसेवक | 05 | 04 | 01 |
| 9. | वरि. औषधि निरीक्षक | 01 | 00 | 01 |
| 10. | प्रधान सहायक | 01 | 00 | 01 |
| 11. | लैब टैक्नीशियन | 02 | 01 | 01 |
| | **कुल** | **19** | **07** | **12** |

उपरोक्त विवरण से स्पष्ट है कि निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल कार्यालय स्टाफ के अधिकांश पद (42.85% पद) रिक्त थे। प्रश्नगत पदो के रिक्त रहने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर एवं सरकारी योजनाओ के संचालन तथा अनुश्रवण के कार्यों मे बाधा व कठिनाई होना स्वाभाविक था तथा स्थानीय जनता को मिलने वाले स्वास्थ्य सेवाओं पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता।

लेखा परीक्षा द्वारा इंगित किए जाने पर इकाई द्वारा अपने उत्तर मे तथ्यो एवं आंकड़ो की पुष्टि की तथा स्वीकार किया कि स्टाफ की कमी के कारण राजकीय कार्य मे प्रतिकूल प्रभाव पड रहा है।

इस प्रकार इकाई द्वारा लेखा परीक्षा आपत्ति को स्वीकार किया। अत: प्रकरण प्रकाश मे लाया जाता है।

**STAN**

**प्रस्तर 1- आवश्यकता से अधिक बजट कि मांग करना तथा अवशेष राशि वर्ष के अंत मे समर्पण किया जाना ₹ 36.60 लाख।**

निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल के बजट पत्रावली एवं संबन्धित लेखा अभिलेखों के नमूना जाँच में यह तथ्य प्रकाश में आया कि विगत तीन वर्षो (2015-16, 2016-17 एवं 2017-18) मे निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल कार्यालय द्वारा ₹ 36.60 लाख की धनराशि वर्ष के अंत मे समर्पित की गयी थी, जिसका विवरण निमन्वत था-

**(धनराशि ₹ में)**

| वर्ष | स्थापना | | | गैर स्थापना | | | 31 मार्च को कुल समर्पित राशि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | आवंटन | व्यय | शेष | आवंटन | व्यय | शेष | |
| **2015-16** | 1726000 | 1612919 | 113081 | 10801943 | 9537276 | 1264667 | 1377748 |
| **2016-17** | 2276000 | 1828431 | 447569 | 13842431 | 12670585 | 1171846 | 1619415 |
| **2017-18** | 16694304 | 16032555 | 661749 | 500000 | 499390 | 610 | 662359 |
| | **20696304** | **19473905** | **1222399** | **25144374** | **22707251** | **2437123** | **3659522** |

विवरण से स्पष्ट है कि बजट की मांग आवश्यकता से अधिक की जा रही थी तथा अवशेष राशि वर्ष के अन्त मे समर्पित की जा रही थी जिस कारण उक्त राशि का अन्यत्र उपयोग किया जाना सम्भव नहीं था।

लेखा परीक्षा द्वारा इंगित किये जाने पर इकाई द्वारा तथ्यो एवं आंकड़ो की पुष्टि की गयी तथा स्वीकार किया गया कि भविष्य मे  बजट मांग हेतु ध्यान रखा जाएगा।

अत: प्रकरण प्रकाश मे लाया जाता है

## **भाग-III**

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों का विवरण

| **निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या** | **भाग-II 'अ' प्रस्तर संख्या** | **भाग-II 'ब' प्रस्तर संख्या** | **STAN** |
|---|---|---|---|
| 18/2015-16 | शून्य | 01 | 01 |

विगत निरीक्षण प्रतिवेदनों के अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्याः

| निरीक्षण प्रतिवेदन संख्या | प्रस्तर संख्या लेखापरीक्षा प्रेक्षण | अनुपालन आख्या | लेखापरीक्षा दल की टिप्पणी | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| **02/2017-18** | भाग II `ब` प्रस्तर संख्या 01 | प्रस्तुत | विभागीय आख्या के आलोक मे प्रस्तर का निस्तारण किया जा सकता है। | |
| 18/2015-16 | भाग II `ब` प्रस्तर संख्या 01 | अप्रस्तुत | प्रस्तर यथावत रखा जाता है। | |

## **भाग-IV**

**इकाई के सर्वोत्तम कार्य**

-------शून्य------

## भाग-V

## आभार

1. कार्यालय महालेखाकार (लेखापरीक्षा) उत्तराखण्ड, देहरादून लेखापरीक्षा अवधि में अवस्थापना संबंधी सहयोग सहित मांगे गये अभिलेख एवं सूचनांए उपलब्ध कराने हेतु निदेशक, चिकित्सा स्वास्थय एवं परिवार कल्याण, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल तथा उनके अधिकारियों एवं कर्मचारियों का आभार व्यक्त करता है।
2. **लेखापरीक्षा में निम्नलिखित अभिलेख प्रस्तुत नहीं किये गयेः**

(i) लेखापरीक्षा प्रतिवेदन संख्या 18/2015-16 अनिस्तारित प्रस्तरों की अनुपालन आख्या।

3. **सतत् अनियमितताएः**

(i) शून्य

4. **लेखापरीक्षा अवधि में निम्नलिखित अधिकारियों द्वारा कार्यालयध्यक्ष का कार्यभार वहन किया गया**

| क्र. सं. | नाम | पद नाम | अवधि |
|---|---|---|---|
| 01 | डॉ0 मीना पुनेठा भट्ट | निदेशक | 21.01.17 से 31.01.18 |
| 02 | डॉ0 एच0के0 जोशी | निदेशक | 01.02.18 से 28.02.18 |
| 03 | डॉ0 अमिता उप्रेती | निदेशक | 01.03.18 से 24.03.18 |
| 04 | डॉ0 आर0के0 पाण्डेय | निदेशक | 24.04.18 से वर्तमान तक |

लघु एवं प्रक्रियात्मक अनियमितताएं जिनका समाधान लेखापरीक्षा स्थल पर नहीं हो सका उन्हें नमूना लेखापरीक्षा टिप्पणी में सम्मिलित कर एक प्रति **निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ एवं परिवार कल्याण, कुमाऊँ मण्डल, नैनीताल** को इस आशय से प्रेषित कर दी जायेगी कि अनुपालन आख्या पत्र प्राप्ति के एक माह के अन्दर सीधे वरिष्ठ उप महालेखाकार (सामाजिक क्षेत्र) को प्रेषित कर दी जांय।

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी/सा.क्षे.**